**SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL**

**PRACTICE TEST-II (HOTS)**

**SESSION: 2025-26**

**CLASS III**

**SUB: HINDI 2nd LANGUAGE**

**Time Allowed: 40 mins** **Maximum Marks: 14**

---

**निम्नलिखित केस स्टडी को ध्यानपुवर्क पढ़े।**

काव्या कक्षा 4 की छात्रा है। उसके स्कूल में ऑनलाइन समूह (ग्रुप) बनाया गया था, जहाँ बच्चे पढ़ाई से जुड़ी बातें और गृहकार्य साझा करते थे। एक दिन ग्रुप में किसी बच्चे ने रोहन की अंग्रेज़ी की गलती पर हँसते हुए टिप्पणी लिख दी।

रोहन को यह पढ़कर बहुत बुरा लगा और वह चुप हो गया। काव्या ने देखा कि रोहन अगले दिन स्कूल में भी उदास था। उसे समझ आया कि ऑनलाइन कही गई बातें भी किसी को दुख पहुँचा सकती हैं।

काव्या ने समूह में सबको शांति से समझाया कि हमें इंटरनेट पर भी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उसने रोहन की गलती को ठीक तरीके से समझाया और उसे हिम्मत दी।

शिक्षक ने काव्या की बातों की सराहना की और कहा कि डिजिटल सहानुभूति का अर्थ है–ऑनलाइन रहते हुए भी दूसरों की भावनाएँ समझना और सम्मान करना। इसके बाद सभी बच्चों ने तय किया कि वे ऑनलाइन कभी भी किसी का मज़ाक नहीं उड़ाएँगे और मदद करने वाली भाषा का प्रयोग करेंगे।

**१. दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुने।** **(1X4=4)**

क. स्कूल में ऑनलाइन समूह क्यों बनाया गया था?

| | |
|---|---|
| A) खेलने के लिए | B) पढ़ाई और गृहकार्य साझा करने के लिए |
| C) मज़ाक करने के लिए | D) वीडियो देखने के लिए |

ख. रोहन उदास क्यों हो गया था?

| | |
|---|---|
| A) उसे होमवर्क नहीं मिला | B) किसी ने उसकी अंग्रेज़ी की गलती पर हँसी उड़ाई |
| C) उसे स्कूल जाना पसंद नहीं था | D) शिक्षक ने डाँटा था |

ग. काव्या ने समूह में क्या किया?

| | |
|---|---|
| A) वह चुप रही | B) उसने भी मज़ाक किया |
| C) सबको शांति से समझाया और रोहन की मदद की | D) उसने समूह छोड़ दिया |

घ. कथन (A): ऑनलाइन भाषा सोच-समझकर प्रयोग करनी चाहिए।

कारण (R): शब्द किसी को चोट पहुँचा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| A) कथन सही है, कारण गलत है। | B) कथन गलत है, कारण सही है। |
| C) कथन और कारण दोनों सही है। | D) कथन और कारण दोनों गलत है। |

**२. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। (2X5=10)**

क. काव्या किस कक्षा में पढ़ती है? स्कूल में किस उद्देश्य से ऑनलाइन समूह बनाया गया था?

घ. रोहन को बुरा क्यों लगा? रोहन का व्यवहार कैसे बदल गया?

ग. काव्या को क्या समझ आया? काव्या ने समूह में क्या किया?

घ. शिक्षक ने किस बात की सराहना की? डिजिटल सहानुभूति का क्या अर्थ है?

ङ. बच्चों ने समूह में क्या निर्णय लिया? ऑनलाइन भाषा कैसी होनी चाहिए?